तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 संघ ने राष्ट्र की एकता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ...



12 रावण दहन के साथ कुरूद दशहरा महोत्सव का हुआ समापन



## खबर संक्षेप

### मेघा में लोकरंग अर्जुदा की प्रस्तुति 7 को

**मगरलोड।** नव दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड मेघा के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा के अवसर पर 7 अक्टूबर की रात्रि में लोकरंग अर्जुदा की प्रस्तुति होगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आंनद चंद्राकर कृत लोकरंग काफी लोकप्रिय हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम का आंनद लेने की अपील की है।

### जन जागरुकता अभियान स्थगित

**अंवरी।** 6 अक्टूबर को गांधी मैदान धमतरी में प्रस्तावित आजादी के आंदोलन जन जागरूकता अभियान को अनुमति अप्राप्ति के कारण स्थगित कर दिया गया है। आंदोलन के सूत्रधार पं. शंकर दादा ने बताया कि जन जागरूकता अभियान की तैयारी हो चुकी थी लेकिन अनुमति प्राप्ति की औपचारिकता अपूर्णता के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। आगामी तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** एक युवक शराब पीने के बाद कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय जोधापुर निवासी राजेश नेताम पिता नारायण उम्र 34 वर्ष शराब सेवन का आदी था। बुधवार की रात्रि युवक शराब पीकर नशे की हालत में घर पहुंचा और परिजनों को जहर सेवन कर लेने की जानकारी दी। परिजनों ने तत्काल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान युवक की शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। युवक द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

एकादशी पर निकली मंदर माई की जंवारा यात्रा, आशीर्वाद पाने लगी रही भीड़

# मां को प्रसन्न करने श्रद्धालुओं ने लिया बाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बरसते पानी में मंदर माई का ज्योत जंवारा निकला। जीभ, हाथ, बांह आदि पर बाना लिए श्रद्धालु भीगते हुए चल रहे थे। बारिश में भीगने के बाद भी उनका उत्साह कम नहीं हुआ। पानी से ज्योत को सुरक्षित रखने के लिए छाता लेकर लोग चल रहे थे। दानीटोला के शीतला मंदिर में ज्योत का विसर्जन हुआ।

धमतरी के मराठापारा स्थित मंदर माई में अनोखे तरीके से नवरात्रि मनाई जाती है। यहां पर ज्योति पंचमी तिथि को प्रज्वलित होती है और एकादशी के दिन इसका विसर्जन होता है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए शुक्रवार को ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया। मंदिर प्रांगण में पूजा पाठ का सिलसिला सुबह से शुरू हो गया था। कई विशेष अनुष्ठान हुए। शाम को ज्योत विसर्जन का कार्यक्रम शुरू किया गया।



### बारिश में भी कम नहीं हुआ उत्साह

कलश यात्रा के आधे रास्ते में झमाझम बारिश शुरू हो गई। इसके बाद भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। भीगते बारिश में बाना लेने का सिलसिला चलता रहा। मांदर की थाप पर कई किशोरी, बालिका और महिलाएं झूमती रही। बारिश रामबाग से पहले शुरू हो गई थी। इसके बाद पूरे रास्ते में जंवारा विसर्जन के दौरान बारिश होती रही। रास्ते भर लोग माता की ज्योत जंवारा यात्रा की पूजा करते रहे। दूर- दूर से लोग ज्योत जंवारा में शामिल होने आए थे।

### साल में एक बार होता है मां का दर्शन

माता कंकालीन को मंदर माई के नाम से जाना जाता है। यह मूर्ति साल भर एक झांपी (लकड़ी की टोकरी) में रहती है। केवल क्वांर नवरात्रि में पंचमी के दिन माता को झांपी से बाहर निकाला जाता है। इसी समय ही माता के दर्शन होते हैं। मान्यता है कि माता के दर्शन से श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी होती है। इसी कारण यहां दर्शन करने लोगों की भीड़ लगती है। ज्योति विसर्जन के बाद माता की प्रतिमा को फिर से झांपी में रख दिया जाता है।

परंपरानुसार कलश यात्रा निकाली गई। सफेद वस्त्र में युवतियां ज्योति कलश सिर पर लेकर कतारबद्ध चल रही थीं। जंवारा यात्रा में बाना लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। किसी ने जीभ में, किसी ने बांह में तो किसी अन्य अंगों में बाना लिया। कलशयात्रा मराठापारा से शुरू हुई, जो सदर बाजार, रामबाग, बिलाईमाता मंदिर होते हुए शीतला मंदिर पहुंची। यहां पर तालाब में ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया।

# तेज बारिश के बीच बाइक सवारों पर गिरा बिजली का तार

- तार में विद्युत प्रवाह नहीं होने से बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बारिश के बीच नेशनल हाईवे से गुजर रहे बाइक सवारों पर अचानक बिजली का तार टूटकर गिर गया। अचानक हुई इस घटना में बाइक सवार बाल-बाल बच गए।

वर्षाकाल के अंतिम चरण में पखवाड़े भर से बादल जमकर बरस रहे हैं। रोजाना मध्यम व तेज बारिश हो रही है। गुरुवार की रात्रि भी जमकर बारिश हुई थी। शुक्रवार को हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन



दिनभर मौसम शुष्क रहा। शाम होते ही आसपास पर काले बादल छाने लगे और तेज बारिश शुरु हो गई। बरसते पानी के बीच बाइक सवार दो लोग नेशनल हाईवे से जा रहे थे। मसीही अस्पताल को पार करते ही गोकुलधाम नगर मोड़ के सामने से गुजर रहे बाइक सवारों पर अचानक बिजली का तार टूटकर गिर गया। बाइक के सामने का हिस्सा बिजली तार में उलझ जाने से सवार सड़क पर गिर गए। घटना के दौरान तार में विद्युत प्रवाह नहीं होने से दोनों बाइक सवार बाल-बाल बचे। हालांकि तार में फंस जाने व सड़क पर गिर जाने से उन्हें मामूली चोट आई है। इस दौरान नेशनल हाईवे में पूरी ट्रेफिक रूक गई थी। टूटे तार में करंट होने की आशंका से अन्य राहगीर जहां के तहां खड़े हो गए थे। सूचना पर विद्युत विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बाइक में फंसे तार को निकालकर किनारे किया। उसके बाद एनएच में आवाजाही शुरु हो गई।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

- बठेना वार्ड में चाबी से एक युवक की हत्या की थी
- नए कानून के तहत एक साल के भीतर मिली कड़ी सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बीते वर्ष बठेनापारा में एक युवक की हुई हत्या के मामले में नए कानून के प्रावधान के तहत आरोपी को सालभर से पहले ही आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। पुलिस के अनुसार घटना वर्ष 2024 की है। बठेनापारा में 13 अक्टूबर की शाम चेतन यादव अपने साथियों के साथ बठेनापारा में स्थित सिन्हा किराना दुकान के सामने गाली-गलौज कर रहा था। उसी समय मृतक भरत सिन्हा पिता हरिराम 46 वर्ष बठेनापारा जेल रोड निवासी



अपने घर जा रहा था। मृतक ने आरोपी को गाली-गलौज करने से मना किया। इससे गुस्से में आकर आरोपी चेतन यादव ने अपने हाथ की मुठ्ठी में फंसी नुकीली चाबी से भरत सिन्हा के सीने पर पूरी ताकत से वार कर दिया। चाबी से हमले के बाद भरत गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गया। उसे उपचार के लिए मसीही अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी राजेश मरई ने एसपी के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी चेतन यादव पिता रहीपाल उम्र 19 वर्ष बठेनापारा जेल रोड निवासी के खिलाफ सिटी कोतवाली मं धारा 103/1 बीएनएस अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

### न्यायालय ने सुनाया जल्द फैसला

प्रकरण में अपर सत्र न्यायाधीश एवं अतिरिक्त न्यायाधीश ने चेतन यादव को हत्या का दोषसिद्ध मानते हुए आजीवन कारावास एवं 1000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया।






ग्रामीण पुतले की मिट्टी को अपने साथ ले गए, थाने में हुआ देव विग्रहों का सत्कार

# माता शीतला के खड्ग से हुआ सहस्त्रबाहु रावण का वध

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी







सिहावा गढ़ में परम्परानुसार एकादशी के दिन शुक्रवार को सहस्त्रबाहु रावण का वध माता शीतला के खड्ग से हुआ। सैकड़ों साल पुरानी इस ऐतिहासिक परम्परा को देखने खराब मौसम के बावजूद हमेशा की तरह ग्रामीणों की भीड़ रही। महिलाओं को इस स्थान पर जाना वर्जित था। सिहावा गढ़ के देवी देवता गांव का भ्रमण कर थाना आये। थाने में स्वागत सत्कार उपरांत गणेश मंदिर के पास चांदमारी की। देवी देवता पुनः थाना होते दल बल के साथ शीतला मन्दिर पहुंचे। शीतला मन्दिर से माता शीतला का खड्ग लेकर रावण भाटा में पुजारी ने सहस्त्रबाहु रावण का वध किया। ग्रामीण विजय का प्रतीक मानकर सहस्त्रबाहु के पुतले की मिट्टी को अपने साथ ले गए तथा एक दूसरे को माथे में मिट्टी लगाकर पर्व की बधाई दी। रावण वध के बाद शीतला मन्दिर में माता शीतला अपने खड्ग से कुष्मांड बलि देने के बाद शांत होती है। फिर गढ़ की देवी देवताओं को विदाई दी गई।

शीतला समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया कि सहस्त्रबाहु रावण की मूर्ति का निर्माण परम्परानुसार एकादशी के दिन ही स्थानीय कुम्हारों द्वारा मिट्टी से किया जाता है।

मौके पर कलम सिंह पवार, महासचिव नेम सिंह बिसेन, सह सचिव नरेंद्र नाग, नारद निषाद, बुधेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गैंदलाल यादव, राजेश यदु, तुकाराम साहू , पुजारी ज्ञान सागर पटेल, तुकाराम बैस, बलदेव निषाद, राजकुमार निषाद, छबि ठाकुर, संजय सारथी, रामाराव बघेल, रामलाल नेताम समेत अन्य उपस्थित थे।

### सैकड़ों साल पुरानी है मान्यता

मान्यता है कि जब भगवान राम लंकापति रावण का वध कर माता सीता से मिले तब सीता ने उन्हें बताया कि अभी आपको सहस्त्रबाहु रावण का वध करना है तब भगवान राम ने सहस्त्रबाहु रावण पर आक्रमण किया लेकिन ब्रम्हा से मिले वरदान के चलते श्रीराम उसका वध नहीं कर पाए। अपनी मर्यादा तोड़ते हुए सहस्त्रबाहु रावण माता के सामने नग्न होकर ललकारने लगा तब सीता माता ने आदि शक्ति का रूप धारण कर अपने खड्ग से सहस्त्रबाहु रावण का वध किया।

## श्रीराम के जयघोष के साथ हुआ रावण का दहन

- विजयादशमी सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है : महेश गोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



ग्राम पंचायत छिपली में पंचशील समिति, अविनाशी बाल मंडली एवं ग्राम पंचायत के संरक्षण में दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जय श्रीराम के गगनभेदी नारों के बीच पुतला दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा ने कहा कि यह पर्व हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का समापन जयकारों और आतिशबाजी के साथ हुआ। बच्चों और ग्रामीणों का उत्साह बरसते पानी में भी बना रहा।

मौके पर हृदय साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, लिकेश्वरी पोटाई सरपंच, घेवर साहू उपसरपंच, डोमार सिंह नवरंग अध्यक्ष अविनाशी बाल मंडली, विनोद साहू अध्यक्ष ग्राम व्यवस्था समिति, मनहरण साहू ग्राम पटेल, डा. महेन्द्र सार्वा, गणेशराम नागर्ची, टिकेश साहू, तोमल साहू, नेपाल साहू, एलए देव, खम्हन साहू, ईश्वर नाग, भानुराम साहू, भगवानी साहू, टेमन साहू, मिश्रीलाल साहू, दिलीप कोसमा, सतीश साहू, रूप कश्यप समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## कुहकुहा में मनाई गई गांधी जयंती



**सिर्री।** ग्राम पंचायत कुहकुहा में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर रूपेश कुमार निर्मलकर सरपंच, तारेंद्र साहू, हीरालाल, लच्छू निर्मलकर , गोविंद साहू, संजु नेताम, लक्की ध्रुव, नूतन नेताम, सोनू साहू, विष्णु साहू, प्रकाश विश्वकर्मा, प्रकाश साहू, जागेश्वर यादव, नरेंद्र साहू, भूषण निर्मलकर, इंदु ध्रुव, लक्की साहू, धर्मेंद्र साहू सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



## छाती में 25 फीट रावण के पुतले का हुआ दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी

ग्राम छाती में पहली बार सर्व समाज उत्सव समिति छाती का गठन कर पदाधिकारियों का गठन किया गया। सर्व आदिवासी समाज, सुरक्षा समिति, महिला संगठन, पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के साथ 25 फीट ऊंचे विशाल रावण के पुतले का दहन किया गया। नाट्य मंच के कलाकारों ने बारिश के बावजूद रावण पुतला का दहन किया। दर्शकों भारी बारिश में भी छाता, झिल्ली ओढ़कर नाट्य मंच के कलाकारों का कला का आनंद उठाया।




## 35 गांवों के लोग एक ही एटीएम पर निर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम बेलरगांव में एक ही एटीएम होने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उपभोक्ताओं ने बताया कि इस एटीएम में अधिकांश समय पैसा नहीं रहता है। क्षेत्र के 30- 35 गांवों के लोग एक ही एटीएम पर निर्भर है। इसी तरह बेलरगांव में केवल बैंक छग राज्य ग्रामीण बैंक संचालित है। बैंक अपने ग्राहकों को एटीएम कार्ड का वितरण तो कर देता है लेकिन अपने बैंक की एटीएम मशीन नहीं लगवाई है, जिसके कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एटीएम ग्राहकों को बेलरगांव से 25 किमी दूर नगरी जाकर एटीएम से पैसा निकालकर आना पड़ता है। इससे शारीरिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## आदि शक्ति भवानी की विसर्जन यात्रा भव्यता के साथ निकली



- दुर्गा विसर्जन में उमड़ा जनसैलाब, गांव की गलियों का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)

गुरुवार को बगदेही में शक्ति की उपासना के पर्व नवरात्रि के अंतिम दिन दुर्गा मां को विदाई देने ग्रामीण उमड़ पड़े। गांव के 4 पंडालों पर विराजित जगतजननी मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकाली गई। जससेवा गीत पर नाचते-गाते, जयकारा लगाते भक्तों ने पारंपरिक रूप से माता के प्रति आस्था प्रकट की। विसर्जन यात्रा बाजार चौक से शुरू हुई जो शारदा चौक से गली भ्रमण करते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरकर विसर्जन के लिए प्रमुख तालाब में पहुंची जहां मातारानी की पूजा-अर्चना कर विदाई दी गई। मां शारदा बाजार चौक, बजरंग चौक, सेठपारा, लीला मण्डली चौक में विराजी आदि शक्ति भवानी की विसर्जन यात्रा पूरी भव्यता के साथ निकली। माता को विदाई देते समय ग्रामीण भावुक नजर आए।

## गांधीजी ने पूरे विश्व को शांति और अहिंसा का पाठ पढ़ाया





- कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्मजयंती मनाई गई। ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा के कोर्रा मंडल, कोसमर्रा मंडल, मडेली, भखारा क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने फूलमाला पहनाकर दोनों युग पुरुषों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू ने महात्मा गांधी के विचार को वैश्विक बताते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक ने हिंसा का जवाब अहिंसा से देकर पूरे भारत सहित विश्व को शांति और अहिंसा का पाठ पढ़ाया। उन्होंने शांति और अहिंसा के दम पर अंग्रेजी हुकूमत की बर्बरता, तानाशाही से आजादी दिलाई। उन्होंने आगे कहा कि आज गांधी जी के मूल विचारों को तोड़कर, लोकतंत्र की अवधारणा को ताक पर रखकर देश की अखंडता को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोविंद साहू ने कहा कि गांधी जी, शास्त्रीजी पूजनीय हैं।

मौके पर पूर्व विधायक लेखराम साहू, भारत नहर, विनोद साहू, अशोक साहू, संतोष साहू, जोन अध्यक्षगण गैंदलाल साहू, रामचंद्र साहू, राजा बंजारे, संतोषी निषाद, सेक्टर अध्यक्षगण घनश्याम साहू, अशोक साहू, शत्रुघ्न साहू मनमोहन, बिसौहा राम, रूपचंद, सोहन साहू, मनोहर, रेमन साहू, मनोज, मोनू साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

घटुला में हुई दौड़ प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया जोश

# 1600 मीटर दौड़ में डुमन, होमिक रहे अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





दशहरा पर्व पर युवा संगठन घठुला के तत्वावधान में सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं व युवतियों के लिए 1600 मीटर दौड़, लंबी कूद व ऊंची कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में धमतरी जिला सहित बालोद, दुर्गकोंदल, कांकेर और जगदलपुर से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता को रोचक बनाने के लिए आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए थे। पुरुष वर्ग की 1600 मीटर दौड़ में कांकेर के डुमन ने मात्र 4 मिनट 47 सेकंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनपोड के चंपेश ने 4 मिनट 48 सेकंड में द्वितीय तथा विश्रामपुरी के हरलाल मंडावी ने 5 मिनट में दौड़ पूरी कर तृतीय स्थान हासिल किया।

वहीं महिला वर्ग की 1600 मीटर दौड़ में होमिक ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुष्पा सोरी द्वितीय और भावना तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद और ऊंची कूद में भी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि नरसिंह मरकाम ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी शारीरिक क्षमता और मापदंड जानने का अवसर देते हैं, जिससे उनमें सेना भर्ती के प्रति रूझान बढ़ता है।

कार्यक्रम में सरिता ध्रुव सरपंच, वेदराम साहू उपसरपंच, मोनू साहू पंच, बेलर मंडल के महामंत्री आर. बोघरिया, नरोत्तम साहू, बीरेंद्र मिश्रा, लीलाधर साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस आयोजन में वरुण निषाद, अखिलेश कुंजाम, राहुल कुमार, दुष्यंत कुंजाम, पीयूष कुमार, लोमश कुमार, सत्यवान सहित समिति के सदस्यों का सहयोग रहा।



### खर्रा में हरियाली समिति ने रोपे 50 पौधे

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में 2 अक्टूबर को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गांव की हरियाली समिति द्वारा तालाब किनारे 50 पौधे लगाए गए। मौके पर सेवाराम यादव, शुभम वर्मा, यादराम, छोटू, गणेशु, आदि, दीनू, टीकू, लोकू सहित अन्य मौजूद रहे।

## अंचल की खबरें

### अरौद में नम आंखों से दी माता को विदाई



**मगरलोड।** ग्राम अरौद में आदर्श मिलन चौक और बजरंग चौक पर दुर्गा माता की प्रतिमा विराजित की गई। नौ दिनों तक पूजा अर्चना पश्चात दो अक्टूबर को गांव की गलियों का भ्रमण कर शीतला तालाब में नम आंखों से विदाई दी गई। गली भ्रमण के दौरान माता के भक्तों ने पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। दुर्गा विसर्जन पश्चात गांव में रैनी पौधा की पूजा की गई। इसके बाद रामलीला का मंचन कर रावण वध किया गया।

### उड़ेना में महा अष्टमी पर हुआ हवन पूजन



**पुरी।** नव दुर्गा समिति बाजार चौक उड़ेना में महा अष्टमी के दिन हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया। नौ कन्याओं को मुख्य पंडा, समिति के उपाध्यक्ष तरुण निर्मलकर एवं सहायक पंडा विकास साहू, दीपक निर्मलकर द्वारा भोज कराया गया। मौके पर समिति के संयोजक कोमूराम यादव, लोकेश नवरंगे, अध्यक्ष परशु यादव, कोषाध्यक्ष दुष्यंत पटेल, सचिव विष्णु चंद्राकर, सहसचिव लीलेश्वर साहू समेत अन्य मौजूद थे।

### जोरातराई अं के युवाओं ने बांटी महाप्रसादी



**अंवरी।** दशहरा पर्व पर नवयुवक मित्र मंडली के युवाओं द्वारा महाप्रसादी का वितरण किया और देवी मां से सबके जीवन की मंगल कामना की। मौके पर कुणाल साहू, सौरव पाल, ओकेश निषाद, लक्की साहू, जीतूराम साहू, गोविंद साहू, त्रिवेंद्र साहू, अभिषेक साहू, हितेश साहू, धर्मेंद्र सारथी, भोज निषाद, महेंद्र, ओमप्रकाश, पवन साहू, थानु निषाद, राजेश निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### गांधी-शास्त्री जयंती पर पेंशनरों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**नगरी।** महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री जयंती के उपलयक्ष्य में छग पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी द्वारा परिसर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। अध्यक्ष आरएल देव, संरक्षक एएल बनपेला एवं वरिष्ठ पेंशनरों ने अपनी सहभागिता निभाई । कहा कि स्वच्छता को ईश्वर की पूजा और सेवा के रूप में स्थान दिया जाता है। जहां स्वच्छता होती है वहीं ईश्वर का वास होता है। स्वच्छता हमें कई बीमारियों से भी बचाने में सहायक होती है। इस अवसर पर समाज के सचिव पीआर चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष जीएस वर्मा, जीआर माण्डले, एसआर सिन्हा, केएल सिन्हा, डीएस ध्रुव, सुश्री शकुन कश्यप, अलका गजपाल समेत बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे। यह जानकारी एसपी ग्वाले पत्रिका प्रभारी पेंशनर्स समाज ने दी।

### छिपली में गांधी जयंती पर की साफ-सफाई




**मगरलोड।** ग्राम छिपली में गांधी जयंती पर महिला समिति एवं गायत्री परिवार द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। नारायणलाल साहू सरपंच, ग्रामीण अध्यक्ष हेमंत साहू, बेदलाल निषाद, गायत्री परिवार की महिला अध्यक्ष श्रीमती भारती साहू, मीना निषाद, महिला कमांडो अध्यक्ष पुरईन साहू, निर्मला साहू उपाध्यक्ष, टिकेश्वरी साहू सचिव, गणेश्वरी साहू कोषाध्यक्ष, रेखा, लकेश्वरी, दुलारी, अमृता ने गांधी जी की पूजा-अर्चना कर सफाई कार्य किया।

### प्रकृति प्रेमी ईश्वर साहू नहीं रहे



फाइल फोटो

**पुरी।** ग्राम गागरा के प्रकृति प्रेमी, पर्यावरण संरक्षक ईश्वर साहू का आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। ज्ञात हो कि इन्होंने अपने पूरे जीवनकाल में गांव में सैकड़ों पेड़- पौधे लगाए और उनके बड़े होते तक रोज सुबह शाम पानी डाला। उनके द्वारा लगाए गए बरगद, पीपल, नीम के पौधे आज विशाल वृक्ष बन गए हैं।

## अंचल की खबरें

### प्रेमप्रकाश आश्रम में हुआ कन्या पूजन



**धमतरी।** श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में आयोजित 20 वें वार्षिक महोत्सव में बुधवार को विविध धार्मिक कार्यक्रम हुए। प्रातः भगवान लक्ष्मीनारायण, आचार्यश्री एवं गुरुजनों के स्वरूपों का पूजन कर नवीन पोषाक अर्पित की गई। स्वामी सर्वानंद महाराज के 129वें जन्मोत्सव पर 129 कन्याओं को भोजन व सामग्री भेंट कर पूजन किया गया। कार्यक्रम का समापन भजन, नृत्य और प्रसादी वितरण के साथ हुआ।

### सिन्हा समाज की महिलाओं ने किया पौधरोपण



**धमतरी।** महिला मंच सिन्हा समाज डोड़की द्वारा गांधी जयंती पर पौधरोपण किया गया। मौके पर चन्द्रहास सिन्हा जिलाध्यक्ष सिन्हा समाज, हेमशंकर सिन्हा कोषाध्यक्ष, श्रीमती रामबती सिन्हा सरपंच डोड़की, सुनील शाह शिक्षक अजीम प्रेमजी शंकरदाह, प्रदीप सिन्हा पूर्व सरपंच डोड़की, श्रीमती हितेश्वरी सिन्हा महिला प्रमुख सिन्हा समाज डोड़की, श्रीमती पुष्पा सिन्हा, खिलेश्वरी सिन्हा, कुमारी सिन्हा, खोमेश्वरी सिन्हा, मालती सिन्हा, सुखंतीन सिन्हा, संतोष सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे।

### झांकियां समाज को नारी सम्मान और धार्मिक चेतना का संदेश देती हैं



**धमतरी।** हिंदू जागरण मंच एवं दुर्गा झांकी आयोजन समिति के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र की नवमी को घड़ी चौक में माता रानी झांकी विसर्जन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सात दुर्गा पंडाल समितियों ने भाग लिया, जहां मां दुर्गा की विभिन्न लीलाओं को दर्शाते हुए धर्म की विजय का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि दीपक सिंह ठाकुर प्रांत युवा प्रमुख हिंदू जागरण मंच ने कहा कि मां की झांकियां समाज को नारी सम्मान और धार्मिक चेतना का संदेश देती हैं। कार्यक्रम में सभी आयोजक समितियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। महोत्सव में महापौर रामू रोहरा, हेमराज सोनी, अविनाश दुबे सहित अनेक जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित थे। श्याम संकीर्तन भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। गौ माता संरक्षण और डॉग केयर को लेकर पीयूष पारख ने जागरूकता पोस्टर प्रदर्शित किए।

### जसगीत, भंडारा के बाद माता को दी विदाई



**धमतरी।** श्री विनायक नवदुर्गा उत्सव समिति बरपारा सोरिद का दुर्गोत्सव आकर्षक रहा। नौ दिन तक नियमित भजन, जसगीत के बाद भण्डारा का आयोजन किया गया। दसवें दिन 2 अक्टूबर को माता की विदाई की गई। शारदीय नवरात्रि में बरपारा सोरिद चौक में नव दुर्गा शक्ति प्रतिमा की स्थापना की गई थी। दुर्गा पंडाल में विशेष-पूजा अर्चना के साथ प्रतिरात्रि सेवा भजन गीत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अंचल की मण्डलियों द्वारा सेवाभक्ति भजन प्रस्तुति दी गई। अंतिम दिन विशाल भण्डारे का आयोजन कर सैकड़ों भक्तों को ससम्मान प्रसादी भोजन कराया गया। भण्डारे के बाद गरबा के साथ विविध प्रतियोगिता भी हुई। जसगीत के साथ विदाई शोभायात्रा निकालकर सोरिदभाट के नवा तालाब में प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

### सार्थक के विशेष बच्चों ने किया गरबा नृत्य



**धमतरी।** समाज कल्याण विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत शासकीय श्रवण बाधितार्य विद्यालय रुद्री में दिव्यांग एवं वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि महापौर रामू रोहरा, समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक डॉ. मनीषा पांडे थे। कार्यक्रम में सार्थक स्कूल के विशेष बच्चों ने आकर्षक गरबा नृत्य किया। छात्रा प्राची सोनी ने मां पर भावपूर्ण गीत गाकर दर्शकों की सराहना प्राप्त की। सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। सार्थक संस्था की अध्यक्ष डॉ सरिता दोशी एवं सचिव श्रीमती स्नेहा राठौड़ ने आभार व्यक्त किया।

### वर्षा के बीच हुआ रामलीला मंचन व रावण दहन





**धमतरी।** शांति लोक कला मंच एवं कालिका मंदिर समिति द्वारा दशहरा पर्व पर संगीतमय रामलीला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान तेज बारिश शुरू हो गई, फिर भी श्रीराम और रावण के युद्ध का मंचन कर रावण दहन किया गया। इसके बाद प्रभु श्रीराम की आरती और रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। समिति अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि रावण वध सिर्फ एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि हमारे भीतर के अहंकार को समाप्त करने की प्रेरणा है। हमें श्रीराम के आदर्शों को अपनाते हुए अपने जीवन में विजयदशमी का सही अर्थ समझना चाहिए। समिति सचिव गजानंद मीनपाल ने बताया कि 1996 से रामलीला का आयोजन निरंतर हो रहा है। इस वर्ष 52 ज्योति भक्तों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर नवरात्र की शुरुआत की गई। मंच द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक कला, जसगीत, जगराता, कवि सम्मेलन जैसे कई धार्मिक-सामाजिक आयोजन भी होते रहे हैं। कार्यक्रम की सफलता में समिति संरक्षक महावीर गोयल, अध्यक्ष भुनेश चक्रधारी, पार्षद कुशल लोढ़ा समेत अनेक कार्यकर्ताओं एवं मोहल्लेवासियों का सहयोग रहा।

---

आरएसएस के विजयादशमी उत्सव व पथ संचलन में शामिल हुए लोग

# संघ ने राष्ट्र की एकता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : भुनेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर खंड नगरी का विजयादशमी उत्सव, शस्त्र पूजन और पथ संचलन कार्यक्रम राजाबाड़ा नगरी में हुआ। इससे पूर्व सरस्वती शिशु मंदिर नगरी में 2 बजे स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ। 2 बजे से पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर जनपद तहसील कार्यालय चौक, शहीद स्मारक, बस स्टैंड चौक, बजरंग चौक, देना बैंक चौक होते हुए राजाबाड़ा पहुंचा। मुख्य वक्ता पूर्व सहमंत्री हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ प्रान्त भुनेश्वर साहू, नगरी खण्ड संघ चालक डॉ गोकुल राम देवांगन, पेंशनर समाज अध्यक्ष आरएल देव, पूर्व खण्ड संघचालक रामलाल श्रीमाली, जिला कार्यवाह भुनेश्वर निर्मलकर, सहखण्ड संघचालक प्रयाग बिसेन, खण्ड कार्यवाह मोतीलाल दिवाकर, सहकारवाह रेखराज साहू, खण्ड संपर्क प्रमुख महेन्द्र नेताम, गौसेवक परमेश्वर साहू प्राचार प्रमुख तुलसी राम साहू, रामकुमार समरथ, सामाजिक सद्भाव प्रमुख आरपी साहू, शारीरिक प्रमुख संतोष निषाद थे। मुख्य अतिथि भुनेश्वर कुमार साहू ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में हुई थी। संगठन ने प्रारंभ से ही अनेक विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए समाज, राजनीति और धर्म के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर आज विश्व के सामने एक सशक्त संगठन के रूप में अपनी पहचान बनाई है। संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार एक महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में देश की आजादी के लिए संघर्ष किया और समाज को नई दिशा प्रदान की। उनकी शिक्षा-दीक्षा के समय योगीराज अरविंद जैसे महान क्रांतिकारियों से भी उनका संपर्क रहा।

श्री साहू ने बताया कि संघ ने भारत छोड़ो आंदोलन सहित अनेक आंदोलनों से प्रेरणा लेकर सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत किया। आजादी के बाद भी संघ ने समाज निर्माण, शिक्षा, संस्कृति, मंदिरों के पुनर्निर्माण और राष्ट्र की एकता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संघ का मूल उद्देश्य भारत माता की जय के मंत्र के साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। यह संगठन लगातार मजबूत प्रवाह के साथ आगे बढ़ते हुए समाज के दिलों को जोड़ने का कार्य कर रहा है।

कार्यकम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक, जिपं सभापति अजय ध्रुव, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, रवि दुबे, नगर अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम पूर्व, नगर उपाध्यक्ष अजय नाहटा, विकल गुप्ता, मोहन नाहटा, पूर्व महामंत्री कमल डागा, महामंत्री रूपेंद्र साहू, राजू गोसाई, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, जिपं सभापति गरिमा नेताम, हुमित लिमजा, नरसिंग मरकाम ,अल्का साव समेत अन्य उपस्थित थे।

---

# झमाझम बारिश में भी धू-धूकर जला रावण

- उमरगांव में धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



अंचल में असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक का पर्व विजयादशमी हर्षोल्लास से मनाया गया। जहां एक ओर दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही, वहीं उमरगांव में उत्साह और परंपरा की लौ ज़रा भी मंद नहीं पड़ी। ग्राम उमरगांव में लगातार बारिश के बावजूद रावण का पुतला विधिवत दहन किया गया, जो धू-धूकर जल उठा और पूरे गांव ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इस दृश्य का स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत गांव की परंपरा अनुसार देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात देव द्वारा रैनी मारने की रस्म निभाई गई, जो स्थानीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। इस धार्मिक अनुष्ठान के बाद रावण दहन का आयोजन किया गया। विजयादशमी के अवसर पर ग्रामीणों ने एक-दूसरे को सोनपत्ती भेंटकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। बारिश के बावजूद लोगों की सहभागिता और उमंग ने यह साबित कर दिया कि धार्मिक आस्था और उत्सव मनाने की भावना मौसम की मोहताज नहीं होती।

इस कार्यक्रम में नव दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष मोहन पुजारी, उपाध्यक्ष पूनमचंद कश्यप, शोभित राम नेताम, सचिव जनक साहू, सहसचिव संतोष कामड़े, कोषाध्यक्ष, महेश फलेंद्र साहू उपसरपंच, देवेंद्र सेन, अंगेश हिरवानी, लखन पुजारी, डीकू साहू, मंशा सोम, तोपेंद्र साहू, दुर्गेश पुजारी, चन्द्रभान यादव, तुलसी साहू, किशोर बंधु, त्रिलोचन साहू, हेमंत ठाकुर का सहयोग रहा। पदाधिकारियों ने बताया कि बारिश के बाद भी परम्परा को निभाते हुए देव पूजा और रावण का पुतला दहन किया गया।

---

# पुतला दहन के साथ ही आकाश रंग बिरंगी आतिशबाजी से जगमगा उठा

रामलीला मंचन के साथ मनाया गया दशहरा पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



श्रद्धा, उल्लास और भक्ति के साथ विजयादशमी का पर्व पूरे क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। भखारा नगर के रामलीला मैदान में रावण वध की लीला का मंचन किया गया।रिमझिम बारिश के बीच मंचन के उपरांत जैसे ही भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया, वैसे ही रावण के विशालकाय पुतलों को अग्नि के हवाले किया गया। पुतला दहन के साथ ही आकाश रंग-बिरंगी आतिशबाजी से जगमगा उठा और पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। नगर पंचायत भखारा द्वारा पूरे मैदान में प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई की विशेष तैयारी की गई थी। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा हेतु पर्याप्त बल की तैनाती की गई। भठेली की बस्ती पंचायत का सभी ने हरख जैन एवं दिनेश साहू के नेतृत्व में स्वागत किया।

इस अवसर पर हजारों लोग उपस्थित थे। बच्चों ने आतिशबाजी और झांकियों का भरपूर आनंद लिया। स्थानीय पुरानी टीम के पुराने नये कलाकारों द्वारा सजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बारिश के कारण कार्यक्रम को संक्षिप्त करना पड़ा लेकिन रामलीला की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की। भुवन निर्मलकर की टीम ने पुतला बनाया था। जनप्रतिनिधियों, अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व सदियों से हमें यह संदेश देता आ रहा है कि सत्य और धर्म की सदैव विजय होती है तथा असत्य और अधर्म का अंत निश्चित है। नगर पंचायत अध्यक्ष सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने इस पर्व को समाज में भाईचारे, सद्भाव और एकता का प्रतीक बताते हुए लोगों से समाज में बुराइयों को समाप्त कर अच्छाई को अपनाने का आह्वान किया।

---

# चंडी व शीतला मंदिर में स्थापित ज्योत-जंवारा का हुआ विसर्जन



- विधायक अजय चंद्राकर समेत नगरवासियों ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद नगर की प्रमुख देवी मां चंडी, शीतला देवी मंदिर और घरों में स्थापित ज्योत जंवारा का शारदीय नवरात्रि में नौ दिनों तक स्तुति आराधना के बाद दशमी को विसर्जन किया गया। चंडी एवं शीतला माता का ज्योत जंवारा जलसन तालाब में विसर्जित हुआ। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने माता को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं अनेक ग्रामों में स्थापित माता की प्रतिमा का शोभायात्रा निकालकर नदी, तालाबों में विसर्जन किया गया। नगर की परंपरा के अनुसार दशमी को सुबह चंडी देवी और शीतला माता के ज्योत जंवारा का विसर्जन ढोलक की थाप के साथ माता सेवा गीत गाते हुए श्रद्धालुओं ने किया और मातारानी को विदाई दी। इस दौरान गांधी चौक, बजरंग चौक, कारगिल चौक, नया तालाब की देवी मूर्ति को भी विसर्जित किया गया। श्रद्धालुओं ने ज्योत-जंवारा माता का दर्शन करने अपने घरों के सामने चौका-रंगोली सजाकर व श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। विधायक अजय चंद्राकर ने भी अपने घर के सामने ज्योत-जंवारा का आशीर्वाद लेकर कुरुद सहित प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की। जलसन तालाब में मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी पहुंचे थे।

---

# प्रधानपाठक पदोन्नति के लिए आदेश जारी न होने से रोष



- छग टीचर्स एसोसिएशन ने की जेडी से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू के नेतृत्व में जेडी संजीव श्रीवास्तव से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने प्रधानपाठक माध्यमिक शाला टी संवर्ग के पद पर पदोन्नति हेतु जारी टाइम टेबल के अनुसार आजपर्यंत आदेश जारी न होने पर कड़ी आपत्ति दर्ज की। प्रतिनिधि मंडल ने पदोन्नत व्याख्याता के कार्यभार ग्रहण की अंतिम तिथि (7.10.2025) के तुरंत बाद सूची अपडेट कर शीघ्र ही पदोन्नति आदेश जारी करने, साथ ही ओपन काउंसिलिंग के माध्यम से पदस्थापना की जानकारी दी।

संघ ने डीपीआई से जारी कॉउंसलिंग निर्देश के अनुसार पदांकान करने की मांग के साथ साथ पूर्व पदस्थ संस्था में सहमति, असहमति के आधार पर पदांकन की मांग की। उनके द्वारा संगठन को यह भी अवगत कराया गया कि कुछ लोगों द्वारा पदोन्नति हेतु टीईटी अनिवार्यता का उल्लेख कर पदोन्नति रोकने हेतु आवेदन दिया गया है, जिस पर उनके द्वारा डीपीआई से मार्गदर्शन की जानकारी लेने की बात कही गई। इस पर संगठन द्वारा कड़ा विरोध किया गया। वर्तमान में इस सम्बन्ध में कोई दिशा निर्देश जारी नहीं हुआ। शीघ्र पदोन्नति का पक्ष संगठन द्वारा रखा गया। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश मंत्री जितेन्द्र मिश्रा, जिला प्रचार मंत्री रूद्र नारायण तिवारी, ब्लॉक सचिव टीकम सिन्हा, ओमप्रकाश देव, कमलेश सार्वा, भेदूराम साहू शामिल थे।

---

### महिला ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**धमतरी।** चरित्र संदेह के चलते एक महिला ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार स्थानीय बनियापारा वार्ड निवासी सुरेखा आहूजा पति अशोक उम्र 35 वर्ष रेजा का काम करती थी। वहीं पति अशोक आहूजा शांति किराया भंडार में काम करता था। पति पत्नी दोनों एक दूसरे के चरित्र पर संदेह करते थे। गुरुवार की सुबह पति काम पर चला गया। कुछ देर बाद सुरेखा अपने पति के पास किराया भंडार के गोदाम पहुंची। महिला पति को थाना पहुंचने के लिए कहकर चली गई। उसके बाद अशोक थाना पहुंच गया, लेकिन सुरेखा थाना नहीं पहुंची जिसके बाद अशोक वापस लौट गया। शाम को अशोक काम से घर पहुंचा तो दरवाजा बंद पाया, संकल नहीं लगा हुआ। दरवाजा को धकेलकर अशोक भीतर गया जहां सुरेखा लकड़ी के म्यांर में दुपट्टे के फंदे पर लटकी हुई थी। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

---

# सड़क सुरक्षा और साइबर ठगी पर नुक्कड़ नाटक से दिया जागरुकता का संदेश



- रेडक्रॉस एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया मंचन, एसपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली के रेडक्रॉस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में लेखक एवं निर्देशक आकाश गिरी गोस्वामी द्वारा तैयार नुक्कड़ नाटक सावधानी ही सुरक्षा का मंचन किया गया। नाटक में सड़क पर यातायात नियमों का पालन न करने, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने और नशे में गाड़ी चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं को प्रभावशाली तरीके से दर्शाया गया। साथ ही बढ़ती साइबर ठगी की घटनाओं से भी लोगों को जागरूक किया गया। नाटक में आकाशगिरी गोस्वामी, धर्मेंद्र साहू, नवीन पटेल, अभय प्रताप सिंह, मायांशी साहू, वर्षा सिन्हा, मीनाक्षी धनकर, लोकेंद्र साहू, थानेंद्र साहू और सूर्यकांत गिरी गोस्वामी ने अपने-अपने पात्रों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। सभी कलाकारों को पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार द्वारा प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक, रेडक्रॉस चेयरपर्सन प्राप्ति वासानी, वाइस चेयरमैन शिवा प्रधान, प्राचार्य टीआर नागवंशी एवं जिला प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

### लालबगीचा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

**धमतरी।** लाल बगीचा वार्ड क्रमांक 3 में पार्षद-सभापति (विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग) श्रीमति हिमानी भागवत साहू के नेतृत्व एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र साहू, खूबलाल धरमगुड़ी, भारत साहू, दीपंकर कुमाड़िया, कमल पटेल, पंकज सेन, हेमंत नागरची, लक्की आजमानी, सुरेश धीवर, प्रमोद यादव, शैलेन्द्र साहू, श्रीमती महेश्वरी नेताम, श्रीमती जयन्ती ध्रुव, श्रीमती केकती सागरवंशी, श्रीमती गंगा शांडिल्य, बिझी गोंडाने, सकुन सेन, पुनिया मानिकपुरी, कामिनी धीवर, गीता शर्मा, वर्षा श्रीवास्तव, श्यामा यादव, मीना नागरची, दुर्गेश नंदनी सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### कुकरेल के पास सड़क हादसा, तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगरी मार्ग में बाइक हाइवा में घुस गई। घटना में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कुकरेल के माकरदोना मोड़ के पास भीषण सड़क दुर्घटना हुई। नगरी मार्ग से गुजर रहे हाइवा से टकराकर बाइक नीचे घुस गई। घटना में बाइक में सवार तीन युवकों की मौत हो गई। सूचना पर केरेगांव पुलिस मौके पर पहुंची। मृत युवक ग्राम बाजारकुर्रीडीह एवं पीपरछेड़ी निवासी बताए जा रहे हैं।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आज मांसाहार की बिक्री रहेगी बंद

**धमतरी।** शनिवार को विश्व पशु दिवस पर मांस, मछली, अंडा का विक्रय बंद रहेगा। अपर कलेक्टर ने नगर पालिक निगम आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि पशु कल्याण बोर्ड भारत के सदस्य डा. गिरिश शाह ने पत्र प्रेषित कर कहा है कि 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस है। इस अवसर पर मांस, मछली, अंडा का विक्रय बंद रखा जाए। अपर कलेक्टर ने आयुक्त को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।

### आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 6 अक्टूबर से

**धमतरी।** कॉम्पटेक महाविद्यालय में अध्यनरत बीसीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थियों की सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 6 अक्टूबर से होगी। आंतरिक मूल्यांकन के अंक अंतिम परीक्षा के अंकों में जोड़े जाते हैं। सभी विद्यार्थी आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में अनिवार्य रूप से शामिल हों। इसी क्रम में महाविद्यालय में अध्यनरत पीजीडीसीए एवं बीसीए अंतिम वर्ष, बीकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का भी आंतरिक मूल्यांकन किया जायेगा। उनकी भी परीक्षा 6 से 8 अक्टूबर तक होगी।

### छाती में 45 एकड़ भूमि उद्योग के लिए आवंटित



- नवरात्रि-दशहरा पर मिली ऐतिहासिक सौगात

**धमतरी।** नवरात्रि और दशहरा पर्व पर नगरवासियों को विकास की बड़ी सौगात मिली है। महापौर रामू रोहरा के सतत प्रयास और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है कि छाती क्षेत्र में 45 एकड़ भूमि उद्योग के लिए आवंटित की गई है। यह भूमि आगामी वर्षों में शहर के सर्वांगीण विकास, जनसुविधाओं के विस्तार और नई औद्योगिक योजनाओं के क्रियान्वयन में मील का पत्थर साबित होगी। इससे न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे बल्कि धमतरी के औद्योगिक और आर्थिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी। महापौर रामू रोहरा ने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री टंकराम वर्मा, मंत्री लखन लाल देवांगन एवं सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी का आभार व्यक्त किया। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यह भूमि आबंटन धमतरी के उज्वल भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। आने वाले समय में इसी भूमि पर उद्योग के माध्यम से रोजगार उपलब्ध होंगे। उद्योग स्थापना से जिससे धमतरी को नई पहचान मिलेगी और धमतरी विकास की रफ्तार और भी तेज होगी।

### सेनचुवा के खेल मैदान में रोपे गए छायादार पौधे

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत सेनचुवा में साप्ताहिक पौधरोपण का कार्यक्रम चल रहा है। टोकेश्वर नेताम ने बताया कि अभी नवरात्रि में खेल मैदान में नीम, जामुन, पीपल, नीलगिरी, बरगद जैसे छायादार पौधों का रोपण किया गया है। ग्रामीणों ने इन पौधों की देखरेख का संकल्प लिया है, साथ ही जन जागरूकता का अभियान निरंतर चलता रहेगा। आने वाले पीढ़ी भी इस अभियान को आगे बढ़ायेगी।

65 फीट का रावण जला, एक दूसरे को रैनी पत्ती भेंटकर मनाया पर्व

# रावण दहन के साथ कुरुद दशहरा महोत्सव का हुआ समापन







हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर दशहरा उत्सव समिति कुरुद द्वारा विगत 25 वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा उत्साह से मनाया गया। मुख्य मंच पर अभिव्यक्ति कलामंच के कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया, जिसमें राम-रावण युद्ध के बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर एवं अध्यक्षता कर रही नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

दशहरा पर्व पर गुरुवार को कुरूद के खेल मैदान में अभिव्यक्ति कला मंच द्वारा रामलीला मंचन एवं श्रीराम जी द्वारा रावण दहन सादगी के साथ किया गया एवं मंचन कर 65 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन कर आतिशबाजी की। लेकिन जमकर हुई बारिश ने मजा किरकिरा कर दिया। वर्षा के कारण शरद अग्रवाल का आर्केस्ट्रा नहीं हो पाया। रावण वध के बाद लोगों ने रैनी पत्ती भेंटकर एक दूसरे को पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन प्रभात बैस एवं आभार प्रदर्शन समिति के महासचिव भानु चंद्राकर ने किया। महोत्सव के अंतिम दिन नगर पंचायत कुरूद के पूर्व अध्यक्षगण राजकुमारी दीवान, निरंजन सिन्हा, महोत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, महासचिव भानु चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष बसंत सिन्हा, नये पुराने पार्षद, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण सहित नगर एवं क्षेत्र के हजारों दर्शक उपस्थित थे।

### अपने अंदर छिपी बुराई को भी पराजित करें : अजय

मुख्य अतिथि विधायक और समिति के संरक्षक अजय चंद्राकर ने नगर में अब तक हुए दशहरा समिति के आयोजन का वर्णन करते हुए इसमें अपना समर्पित योगदान देने वालों की तारीफ कर कहा कि विजयादशमी बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व है। आज के इस पर्व में आप, मैं, हम सभी इस भावना को अपने हृदय में स्थान दें कि हम अपने अन्दर की उस एक बुराई को आज पराजित करेंगे जो कहीं न कहीं हमारे परिवार, समाज और देश की उन्नति में बाधक है।

## मासूम से दुष्कर्म के आरोपी को फांसी देने की मांग



- कलेक्टर से जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छग महतारी महिला सेवा संस्थान एवं सामाजिक संगठन धमतरी ने मासूम बच्ची से दुष्कर्म के मामले में दोषी को फांसी की सजा देने की मांग कलेक्टर से की है।

जय छग महतारी महिला संवा संस्थान की अध्यक्ष मोहनी साहू, रितु प्रधान, रेजा यादव, ममता मिश्रा, भारती साहू, उमा पटेल तथा सामाजिक संगठन के शिवा प्रधान, महेंद्र कुमार, लिखेन्द्र साहू, पुनारद ठाकुर आदि ने कलेक्टर को पत्र सौंपकर कहा है कि जिले में आए दिन गंभीर वारदात हो रही है। वर्तमान में केरेगांव थाना क्षेत्र में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। यहां हत्या तथा कई गंभीर घटना हो रही है। दोषियों पर विशेष कार्रवाई न कर उसे खुलेआम छोड़ दिया जाता है।

आए दिन हो रही मारपीट, हत्या, चोरी, दुष्कर्म के बढ़ते मामलों से आमजन स्तब्ध हैं। क्षेत्र में बढ़ती अराजकता को लेकर संगठन ने ठोस कानूनी कार्रवाई करने तथा दुष्कर्म करने वाले को फांसी की सजा देने की मांग की। संगठन ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने दुष्कर्म करने वालों को फांसी की सजा देने का बयान दिया था। जिसकी सभी सामाजिक संगठन मांग करते हैं। उन्होंने कानून व्यवस्था को मजबूत करते हुए क्षेत्रवासियों की सुरक्षा के लिए कड़ा कदम उठाने की मांग की है।

## कृदत्त कॉलोनी के बच्चों ने जलाया रावण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दशहरे के दूसरे दिन कृदत्त कॉलोनी के बच्चों ने रावण दहन किया। ज्ञात हो कि दशहरा के दिन बारिश के कारण बच्चे रावण का पुतला नहीं जला पाए थे। इसलिए शुक्रवार को सुबह 11 बजे इकट्ठे होकर राजा रामचंद्र की जय और लंकापति रावण के जयघोष के साथ दशानन के पुतले को आग के हवाले कर दिया।

इस अवसर पर अयांश सिंह, लय चंद्राकर, हैरथ डड़सेना, गेविश साहू, टीयू, आरव, अनय, सिम्मी आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्या व सुहागिन पूजा में हुए शामिल

## जिला सर्व ब्राम्हण समाज को चार बार मिला पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय सर्व ब्राम्हण समाज महिला मंच द्वारा शारदीय नवरात्र पर कन्या व सुहागिन पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यतिथि सर्व ब्राम्हण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा थे। अध्यक्षता जिला ब्राम्हण समाज अध्यक्ष राकेश दीवान ने की। विशेष अतिथि विक्रांत शर्मा प्रदेशाध्यक्ष युवा मंच छग, श्रीमती तनु मिश्रा राष्ट्रीय संगठन सचिव सर्व ब्राम्हण समाज, श्रीमती सीमा शर्मा प्रदेश सचिव महिला मंच, श्रीमती किरण तिवारी, ईश्वरी शर्मा थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने कहा कि यह आयोजन अनुकरणीय व सराहनीय है। पूरे प्रदेश में धमतरी महिला मंच व युवा मंच के आयोजनों की चर्चा है। यहां का ब्राम्हण समाज एकजुट है जिसके कारण प्रदेशस्तरीय आयोजन में चार बार जिला सर्व ब्राम्हण समाज को श्रेष्ठ जिला का पुरस्कार मिला है। जिला ब्राम्हण समाज अध्यक्ष राकेश दीवान ने कहा कि धमतरी में कई वर्षों से महिला मंच यह आयोजन करा रही है जिसके हम सब साक्षी बने हैं। विक्रांत शर्मा ने कहा कि जल्द ही प्रदेश स्तरीय युवा व महिला मंच महाकुंभ कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। महिला मंच जिलाध्यक्ष बरखा शर्मा ने बताया कि इस आयोजन में महिलाओं का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता पीयूष पांडेय ने किया। मौके पर राजेन्द्र श्रोती, भूपेन्द्र मिश्रा, दीप शर्मा, देवेंद्र मिश्रा, लोकेश पांडेय, पीयूष पांडेय, युवराज शर्मा, डिगेश शर्मा, हरीश चौबे, सुभाष शर्मा, चंद्रकांत त्रिवेदी, सूरज शर्मा, ननकू महराज, वैभव शर्मा, रत्नेश मिश्रा, समीर पांडेय, श्रीमती प्रभा मिश्रा, अर्चना पांडेय, सीमा चौबे, सरिता दीवान, नम्रता पाठक, अनामिका पंडित, गौरी शर्मा, प्रतिमा पांडेय, झंकार शर्मा, आयुषी पांडेय, प्रीति द्विवेदी, एकता शर्मा, ज्योति शर्मा समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## यह कोहरा नहीं, सिहावा रोड में उड़ने वाली धूल है




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

यह कोहरा नहीं बल्कि सिहावा रोड की धूल का दृश्य है। इसे रात 8 बजे नागरिक संकेत ने अपने मोबाइल में कैद किया है।

ज्ञात हो कि इस रोड में रात को सैकड़ों हाइवा के चलने से धूल का गुबार उड़ता रहता है। राहगीर, दुकानदार, रहवासी वाहनों के चलने से निकलने वाली धूल और तेज आवाज से परेशान रहते हैं।

रात को खिड़की, दरवाजा बंद रखने के बाद भी 5 से 10 सेंटीमीटर तक रोज धूल जमा हो जाती है। घर का किचन, बेडरूम, कपड़े भोजन, बर्तन में धूल जमा रहती है। उन्होंने शासन-प्रशासन से सिहावा रोड का जल्द डामरीकरण करवाने की मांग की है।

## सोंढूर बांध के पांच गेट खुले...



**नगरी।** अंचल में लगातार हो रही बारिश के चलते सोंढूर बांध लबालब हो गया है। शनिवार को सुबह बांध के पांच गेट खोले गए।

## स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान



**आमदी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशानुसार महात्मा गांधी जयंती पर रासेयो इकाई द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर के खरपतवार हटाए, गलियारों और कक्षाओं को झाड़ू लगाकर स्वच्छ बनाया। पौधों के चारों ओर फैली सूखी घास को हटाया तथा परिसर और आसपास फैले कचरे एवं प्लास्टिक का निस्तारण किया। स्वयंसेवकों ने शपथ लेते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, यह हमारी आदत, हमारी संस्कृति और हमारे जीवन का हिस्सा होना चाहिए।

इस अवसर पर प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने स्वयंसेवकों की लगन और परिश्रम की सराहना किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह सामाजिक जिम्मेदारी, सामूहिक चेतना और नैतिक अनुशासन की सुदृढ़ नींव तैयार करता है। इस अभियान में स्वयंसेवक कुणाल, संदीप, साहिल, इन्द्रमन, कीर्ति, दिव्या पटेल, मोनिश, संगीता, योगिता साहू, डुमेश्वरी, शिप्रा सहित 60 से अधिक स्वयंसेवकों का योगदान रहा।

## आज सम्बलपुर में भव्य पथ संचलन




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भोथली मंडल द्वारा आज 4 अक्टूबर शनिवार को शाम 4 बजे सम्बलपुर में विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केपी साहू संगठन सचिव छग प्रांत, अध्यक्ष पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला धमतरी होंगे।

वहीं मुख्य वक्ता टोपलाल वर्मा प्रांत संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छग, विशिष्ट अतिथि भरतलाल ध्रुव सेवानिवृत्त तहसीलदार सम्बलपुर होंगे। दोपहर 2 बजे सम्बलपुर के बाजार शेड के पास एकत्रीकरण होगा। भोथली मंडल अंतर्गत भोथली, कंडेल, नवागांव, पीपरछेड़ी, सांकरा, सम्बलपुर, सेहराडबरी, हरफतराई, शंकरदाह, डोड़की, बलियारा, बोड़रा के स्वयंसेवक इस विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन में शामिल होंगे। मंडल कार्यवाह भीम साहू ने भोथली मंडल के समस्त गणवेशधारी स्वयंसेवकों से पथ संचलन में शामिल होने की अपील की है।




छग किसान यूनियन ने किया कलेक्टोरेट का घेराव

# बेतहाशा बिजली बिल का किसानों ने किया विरोध




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शुक्रवार को बिजली बिल में भारी बढ़ोतरी को लेकर छग किसान यूनियन ने कलेक्टोरेट का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने बिजली दर में रियायत नहीं मिलने पर सिहावा चौक में चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने नारेबाजी के साथ पदैल मार्च करते हुए कलेक्टोरेट का घेराव किया। मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को लिखे ज्ञापन में कहा है कि बिजली बिल में भारी बढ़ोतरी से किसान, मजदूर, आम जनता परेशान है। हाफ बिजली बिल 400 यूनिट योजना को बंद करने तथा स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली बिल में 2 से 3 गुना वृद्धि हो गई है। आसमान छू रहे बिजली बिल के कारण लोग चिंतित हैं। महंगाई से आमजनों की ऐसे ही कमर टूट रही है, अब ज्यादा बिजली बिल से लोगों को जीवनयापन करना मुश्किल हो रहा है। यूनियन ने बिजली बिल की बढ़ोतरी पर रोक लगाने की मांग की है।

इस अवसर पर यूनियन के जिलाध्यक्ष घनाराम साहू, प्रहलाद हिरवानी, रामनिहोरा निषाद, भुवनलाल, हनुमान सिन्हा, कुशल साहू, ईश्वर नवरंगे, जितेन्द्र कुमार, देव साहू, संतराम साहू, कमलेश कुमार, संतुराम, प्रेमलाल साहू, तामेश्वर, रामबिशाल साहू, महिपाल साहू, मधुलाल साहू, अशोक कुमार, सुदर्शन ठाकुर, अमरीश यादव, पवन साहू, मनहरण साहू, नारायण साहू, भुवनराम साहू सहित बड़ी संख्या में यूनियन के सदस्य मौजूद थे।

